धार्मिक कार्यक्रम

सुबह पूजन-अर्चन, शाम को भोग और भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

# गोरखपुर के खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई एकादशी





**नवभरत, जबलपुर।** गोरखपुर स्थित खाटूश्याम मंदिर में एकादशी पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। अल सुबह से ही मंदिर में पूजा-पाठ और विशेष आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा।वही शाम होते ही श्याम बाबा को विशेष भोग अर्पित किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अनुसार प्रत्येक एकादशी पर यहां पूजा-पाठ के साथ भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं।

### मंदिर भक्ति का केंद्र

भक्तों का कहना है कि खाटू श्याम बाबा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यही वजह है कि हर एकादशी पर मंदिर में भारी भीड़ देखने को मिलती है। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तों की आवाजाही बनी रही और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह मंदिर आस्था और विश्वास का केंद्र है। शाम के वक्त मंदिर में रोजाना सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शन करने उमड़ती है।

### इनका कहना है



खाटू श्याम मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यही वजह है कि हर एकादशी पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है।

**तन्वय गुप्ता**



यह मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। हर एकादशी पर यहां दूर-दूर से लोग दर्शन करने पहुंचते हैं। जय श्री राम

**हर्षित पिल्ले**




# शनि जयंती पर शनि अमावस्या का संयोग

शनि धाम तिलवारा घाट में होगा दो दिवसीय महोत्सव

**नवभारत,जबलपुर।** हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को शनि जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाता है। इस दिन अमावस्या शनिवार के दिन पड़ रही है, इसलिए ये इस साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या भी होगी।

इस दिन अखंड सौभाग्य के लिए किया जाने वाला वट सावित्री व्रत किया जाएगा। इस वर्ष श्री शनि देव प्रकटोत्सव,शनिश्चरी अमावस्या व वट सावित्री व्रत का दुर्लभ संयोग के कारण बेहद खास है। इस दिन बुधादित्य योग और केदार योग का दुर्लभ महासंयोग बन रहा है। 16 मई शनिवार के दिन श्री शनि देव प्रकटोत्सव के इस शुभ अवसर पर तिलवारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में विभिन दिव्य 56 भोग के साथ भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

मंदिर के व्यवस्थापक पं. सतीश तिवारी ने बताया कि 15-16 मई को मंदिर में श्री रामचरित मानस पाठ , शाम 6 बजे शनि महाभिषेक, मथुरा वृंदावन से आये महाराज द्वारा निर्मित 56 भोग अर्पण , पुष्प श्रृंगार,दिव्य आरती व पूरे दिन भंडारे का आयोजन किया गया है। मंदिर के व्यवस्थापक पं. सतीश तिवारी ने बताया कि इस साल शनि जंयती का पर्व बेहद खास माना जा रहा है.। श्री शनि जन्मोत्सव वट सावित्री अमावस्या व शनिश्चरी अमावस्या का शुभ संयोग बन रहा है । श्री शनिधाम तिलवारा मे विधि विधान से पूजन अर्चन करने का आग्रह पं सतीश महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा ,विध्येश भापकर , नितिन भाटिया ,संजय तिवारी ,शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय , शिवा तिवारी, अशोक साहू, आशीष सिंगहरा, गणेश साहू, ब्रजेश कुशवाह , प्रहलाद बंसल ने किया है।

## एक नजर में



### सीपीएफ की काटी गई पूरी राशि खाते में जल्द की जाए समायोजित

**नवभारत,जबलपुर।** सी.पी.एफ राशि की कटौती में हुई अनियमितता की जाँच के संबंध में बुधवार को मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में मेडिकल डीन डॉ. नवनीत सक्सेना को एक ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि इस वित्तीय अनियमितता की गंभीरतापूर्वक उच्चस्तरीय जाँच की जाए एवं कर्मचारियो की सी.पी. एफ की काटी गई पूरी राशि को उनके एन. पी. एस खात में शीघ्र समायोजित किया जाए, साथ ही संबंधितों पर सख्त कार्रवाई हो जिससे भविष्य में कर्मचारियों के साथ इस प्रकार की लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता न की जा सके। इस संबंध में वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि वर्ष 2007 मे संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक कार्यालय की स्थापना के अंतर्गत नियुक्त कर्मचारियों के वेतन से सी.पी.एफ. की राशि की कटौती की जाती थी । 11 अप्रैल 2018 में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एन. पी एस योजना लागू होने के बाद काटी गई सी पी. एफ की राशि को एन.पी एस खाते में जमा किया गया। लेकिन कर्मचारियों के सी पी एफ खाते मे जो राशि जमा थी उसकी लगभग आधी राशि कर्मचारियों के एन पी एस खाते में जमा की गई एवं शेष राशि के बारे में कर्मचारियों को कोई जानकारी नहीं दी गई है। जबकि अधिष्ठाता कार्यालय की स्थापना के अंतर्गत आने वाले सभीकर्मचारियों की सी.पी.एफ की संपूर्णराशि (कर्मचारी / नियोक्ता अंशदान) उनके एन पी. एस खाते में समायोजित कर दी गई है।




### एपीएन महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** ए.पी.एन. महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई) और नवाचारी शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी ने अपने व्याख्यान में कहा कि ए. आई किस प्रकार व्यक्ति की जिंदगी को सरल बना रहा है। लेकिन इसके कारण रोजगार मे कमी आ रही है। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला का शीर्षक बहुत ही नवीनतम एवं वर्तमान पीढी के लिये अत्यंत उपयोगी है। मंच संचालन वीनाक्षी सेतिया खुराना ने किया। कार्यक्रम का संयोजन एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. दिव्या पाराशर एवं एन.एस.एस. अधिकारी अर्चना कुररिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यशाला का लाभ उठाया । साथ ही विशेषज्ञ से सवाल पूछकर विषय से संबंधित शंकाएं दूर की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ समस्त स्टाफ की सक्रिय भूमिका रहीं। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेद्र सिंह, प्राचार्या डॉ सोनल खरे, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया।



### 7वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने एसएन पाठक का स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** 7 वीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष बने एस एन पाठक का शहर आागमन पर भव्य स्वागत किया गया। मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन की देहरादून में 7 में से 9 में तक 28वीं राष्ट्रीय त्रि वार्षिक अधिवेशन हुआ जहां फेडरेशन के पिछले एवं अगले तीन वर्षों के कार्यों पर मंथन हुआ और अगले तीन वर्ष में मुख्य मुद्दा ओल्ड पेंशन स्कीम आठवां वेतन आयोग अनुकंपा नियुक्ति एवं निगमीकरण का विरोध मुख्य विषय रहा। इस अधिवेशन में आगामी 3 वर्षों के लिए पदाधिकारी चुने गए अपने बेबाक शैली बुद्धिमत्ता एवं दूरदर्शिता के कारण राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन पाठक ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन के कैडरों की पहली पसंद बने रहे और उन्हें सातवीं बार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से नवाजा गया वहीं अमरीश सिंह पुनः कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त हुए । बुधवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दिल्ली से नगरगमन डुमना एयरपोर्ट में हुआ जहां सैकड़ो की तादाद में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने उनके गर्म जोशी से स्वागत किया ।

## माता मरियम निर्मल हृदय वालों को दर्शन देती हैं: बिशप डॉ. वलन अरसु

माता मरियम के दर्शन का पर्व दिवस मनाया गया




**नवभारत,जबलपुर।** सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत नौदिवसीय प्रार्थनाओ के समापन के बाद बुधवार को फातिमा में माता मरियम के दर्शन के 110 वें पर्व दिवस को भक्तिमय और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक जबलपुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष परम श्रद्धेय बिशप डॉ जे. जी. वलन अरसु ने भक्तजनों की विशाल उपस्थिति में पावन ख्रीस्तयाग अर्पित करते हुए कहा कि माता मरियम के नौदिवसीय प्रार्थनाओं के द्वारा निश्चित ही हम सभी को प्रभु येसु की आशीष प्राप्त हुई है। आज हम फातिमा में माता मरियम के दर्शन का 110 वां पर्व दिवस बड़ी भक्ति के साथ, आनंद के साथ तथा धूमधाम से मना रहें हैं। माता मरियम निर्मल हृदय वाले तीन बच्चों को दर्शन देकर हमको भी अहसास दिलाती है कि वे सदा हमारे आसपास हैं। माता मरियम न बच्चों को दर्शन देकर शांति के लिए प्रार्थना करने को कहा था। माता मरियम को शांति की महारानी इसलिए कहा जाता है। माता मरियम के दर्शन के 110 वें पर्व दिवस के अवसर पर सभी भक्तों के लिए विशाल प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया था। ग्रोटो प्रबंधन के चैपलिन फादर बिपिन खालको एवं श्राइन समिति के सदस्यों ने माता मरियम के भक्तजनो को मई माह की भक्ति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### विद्युत कर्मचारियों को दी जाए वर्दी

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालकों को पत्र लिखकर मांग की है कि इस भीषण गर्मी में उपभोक्ता सेवा के लिए समर्पित नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स लाइन कर्मियों को 2 लीटर पानी की बोतल दी जाये। साथ ही नियमित एवं संविदा परीक्षण सहायकों को वर्दी खरीदने के लिए नियमानुसार राशि प्रदान की जाए। वहीं ठेका कंपनी के द्वारा आउटसोर्स कर्मियों के लिए वर्दी प्रदान करवाई जाये। संघ के केएन लोखंडे, एसके मौर्या, एसके सिंह, अमीन अंसारी, शशि उपाध्याय, जानकी प्रसाद त्रिपाठी आदि ने ऊर्जा मंत्री एवं सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध संचालकों से मांग की है कि लाइन कर्मियों एवं परीक्षण सहायकों को पानी की बोतल एवं वर्दी प्रदान की जाये।



### डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत

**नवभारत,जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का बुधवार शाम डुमना एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री शाम करीब 7.10 बजे अनूपपुर जिले के बिजुरी से हेलीकॉप्टर द्वारा ट्रांजिट विजिट पर डुमना एयरपोर्ट पहुँचे थे। डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का स्वागत जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पंकज दुबे, सुभाष तिवारी रानू, सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, अंकित द्विवेदी, कौशल सूरी,मुरली दुबे आदि ने किया। वहीं डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की आगवानी संभागायुक्त धनंजय सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने की। मुख्यमंत्री डॉ यादव डुमना एयरपोर्ट से शाम लगभग 7.50 बजे वायुयान से रायपुर रवाना हुये।

## फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल ने इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष से की भेंट



**नवभारत,जबलपुर।** ऑल इंडिया इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ जी संजीवा रेड्डी से और राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजय सिंह , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी. सत्यजीत रेड्डी से दिल्ली स्थित इंटक के राष्ट्रीय मुख्यालय श्रम भवन में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। जिसमें फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, एन के यादव, उमाशंकर मेहता, अफसार अहमद, गोपाल चौहान, रामेश्वर गांगे शामिल थे। इस अवसर पर विशेष रूप से मध्यप्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष रामराज्य तिवारी उपस्थित थे।

भेंटवार्ता में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी को फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक,एन के यादव, उमाशंकर मेहता और अन्य प्रतिनिधियों ने उनके सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय इंटक के पक्ष में हुए निर्णय के लिए बधाई दी। और नयी श्रम संहिता लागू होने,निजीकरण, बिजली कंपनियों के भविष्य, संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कार्मिकों, कंपनी कैडर कार्मिकों, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्यायों के विषय में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर के प्रतिनिधियों ने इंटक के राष्ट्रीय नेता अशोक सिंह , रामचन्द्र खूंटियां , सत्यजीत रेड्डी, राष्ट्रीय सचिव पी .जे. राजू,बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली सहित अनेक राष्ट्रीय नेता गणों से मुलाकात की और सभी का मागदर्शन, शुभाशीष प्राप्त किया।

## कुल शरीफ में मांगी गई अमन-चैन की दुआएं

उर्स शरीफ का हुआ समापन



**नवभारत,जबलपुर।** हाईकोर्ट के सामने स्थित हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह कचहरी वाले बाबा साहब के पांच दिवसीय उर्स शरीफ का समापन कुल शरीफ के साथ अकीदत व एहतराम के माहौल में हुआ। उर्स के अंतिम दिन दोपहर 3 बजे आयोजित कुल शरीफ में महफिल-ए-सिमा का एहतमाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। महफिल-ए-सिमा की सदारत बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने फरमाई। दरबारी कव्वालों ने महफिल का आगाज़ क़ौल से किया। इसके बाद मशहूर सूफी शायर हज़रत बेदम वारसी की मशहूर नात 'आई नसीम-ए-कू-ए-मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम' पेश की गई, जिसे सुनकर समाईन झूम उठे और खूब दाद पेश की। महफिल में ताजुद्दीन बाबा नागपुर के खादिम मोहम्मद नियाज़ ताज़ी, शफीपुर शरीफ के कमरुद्दीन खलीली , सूफी मेराज बाबा जमाली, खादिम बाबा जमाली, हकीम बाबा, सूफ़ी नईम शाह, आफताब कादरी, सुनील चौकसे,प्रदीप तिवारी सहित अनेक अकीदतमंद मौजूद रहे।

### कलाम ने माहौल को बनाया सूफियाना

महफिल के आखिर में हज़रत अमीर खुसरो का मशहूर कलाम 'आज रंग है ऐ माँ रंग है री, मेरे महबूब के घर रंग है' पढ़ा गया, जिसने पूरे माहौल को सूफियाना रंग में रंग दिया। महफिल-ए-सिमा के पश्चात बाबर खां बंदानवाजी ने मुल्क में अमन, भाईचारे और खुशहाली के लिए खास दुआएं कीं। कुल शरीफ की न्याज़ के बाद अकीदतमंदों में लंगर तकसीम किया गया। खादिम-ए-आला चंगेज़ खान अशरफी ने उर्स शरीफ में दूर-दराज़ से पहुंचे जायरीनों और अकीदतमंदों का शुक्रिया अदा करते हुए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं प्रेस मीडिया के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उर्स शरीफ की गत रात्रि आयोजित कव्वाली महफिल में फनकार नुसरत कादरी ने अपने सूफियाना कलाम से समां बांध दिया। कव्वाली का आगाज़ हम्द-ए-पाक और नात-ए-पाक से किया गया। इसके बाद समाईन की फरमाइश पर उन्होंने 'ख्वाजा गरीब नवाज़ की मनकबत – उनके हाथों में है मेरी शर्मो-हया, मेरा लाजपाल है मेरा ख्वाजा पिया' पेश की, जिस पर अकीदतमंदों ने दिल खोलकर नज़राना पेश किया।

जनजागरुकता रैली

महापौर की अगुवाई में जनजागरूकता रैली आयोजित

# स्वच्छता का संदेश लेकर सड़कों पर उतरे शहरवासी




**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के पहले पायदान पर पहुँचाने और नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एक भव्य 'स्वच्छता जनजागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में जनभागीदारी का एक अभूतपूर्व दृश्य देखने को मिला, जहाँ सैकड़ों स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और निगम कर्मियों ने कदम से कदम मिलाकर 'स्वच्छ जबलपुर-श्रेष्ठ जबलपुर' का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, सभी एम आई सी के सदस्यगण पार्षद और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने भी हाथों में स्वच्छता का संदेश देते हुए टीम के सदस्यों का उत्साह वर्धन किया।

रैली का शुभारंभ सिविल लाइन चौक से हुआ। हाथों में स्वच्छता के संदेश वाली तख्तियाँ और जुबां पर जागरूकता के नारे लिए उत्साह का सैलाब शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा। इस दौरान महापौर और अन्य जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा सिर्फ डस्टबिन में ही डालें और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। रैली का समापन अंबेडकर चौक पर हुआ।

### महापुरुषों को नमन और पुष्पांजलि

रैली के समापन अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अमर वीर शहीद जनजातीय नायक राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अभियान में नगर के सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



## आपदा प्रबंधन क्षमता सुदृढ़ करने का लक्ष्य

जबलपुर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नवीन कोठारी के नेतृत्व में जबलपुर के सभी सरकारी एवं प्राइवेट हॉस्पिटल्स मे 4 मई से 10 मई तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित इस सप्ताह भर के कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना था।कार्यक्रम की शुरुआत 4 मई को अग्नि सुरक्षा शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी अस्पताल प्रभारी, वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ शामिल रहे। जिला चिकित्सालय एवम एल्गिन अस्पताल में जिला अग्निशमन विभाग के सहयोग से फायर मॉक ड्रिल कर आपातकालीन निकासी का अभ्यास कराया गया। इसके बाद आईसीयू, एनआईसीयू और ऑपरेशन थिएटर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए द्वश्नष्ध्म्स्रहृद्भद्यद्य आयोजित किया गया। जबलपुर के सभी अस्पताल- जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, सिविल अस्पताल एल्गिन, राँझी, पाटन, सिहोरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर, शहपुरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं समस्त प्राइवेट हॉस्पिटलों मे फायर सुरक्षा अग्निशमक यंत्र अभ्यास, अग्नि सुरक्षा ऑडिट और जागरूकता सत्र हुए ।